**Aayushi International Interdisciplinary Research Journal (AIIRJ)**
Vol - VI Issue - VII JULY 2019 Peer Review e-Journal Impact Factor 5.707 ISSN 2349-638x

# महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा संचालित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के खिलाड़ियों के व्यक्तिगत मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन

**भास्कर रामकृष्ण सुकारे**
राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कला–वाणिज्य महाविद्यालय, सावली, जि. चंद्रपुर

**डॉ. दिलीप जयस्वाल**
प्राचार्य
राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय, विसापूर, जि. चंद्रपुर

## १.० प्रस्तावना

मूल्य की संकल्पना कोई नई बात नही है। वैदिक काल से मूल्य शिक्षा यह प्रत्यक्ष रूप में दी गई है। वैदिक काल में चरित्र के साथ नैतिक और अध्यात्मिकता को व्यवसायीक शिक्षा के साथ प्राथमिकता दी जाती थी, जिससे नैतीकता एवं अध्यात्मकता को बढ़ावा मिलता था। बौद्ध कालीन समय में समानता, समन्वय, ध्यान धारणा तथा प्रार्थना के साथ साथ कला निर्मिती की वजहसे समानता एवं समन्वय को बढ़ावा मिला। स्वातंत्र्योत्तर अनेक आयोग अध्यात्मिक एवं मूल्य शिक्षा के अध्ययन हेतु गठीत किए गय जैसे धार्मिक शिक्षा आयोग, भावनात्मक शिक्षा आयोग, मुदलीयार आयोग, कोठारी आयोग आदी प्रथम है। कोठारी आयोग द्वारा अपने अध्ययन के दौरान अपने ६ वे उद्देश्य में मुख्य रूप से मूल्यशिक्षा में नैतीक तथा आध्यात्मिक मूल्यों का संस्करण था तथा ७ वे उदिष्ट शिक्षा का संपूर्ण आधुनिकीकरण किया गया। इसके अलावा भारतीय राज्यघटना में भी इसका प्रावधान किया कि, लोकशाही मूल्यशिक्षा का समावेश शिक्षा में किया गया, जिसमें समता, बंधुता, न्याय इन मुलभूत मूल्यों का समावेश था।

किसी भी खेल के खिलाड़ी को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अपने प्रशिक्षक से समय–समय पर परामर्श लेना पड़ता है। प्रशिक्षिक खिलाड़ी की शारीरिक क्षमता और उसकी सामाजिक पहलूओं को ध्यान में रखकर प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाते है। खिलाड़ी संभावत: पारिवारीक व्यस्था पर निर्भर होता है। परिवार की सामाजिक व व्यक्तिपरीख नीतियों का खिलाड़ी की शारीरिक क्षमता और सामाजिक स्तर पर प्रभाव पड़ता है। जिससे रहन–सहन, आचार–विचार और व्यवहारों पर पूर्ण सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। खिलाड़ी के परिणाम पर संतुलित आहार, आधुनिक उपकरण और अच्छी सुविधाए लाभकारी होती है।

किसी भी समाज में अनैतिकता, नाइंसाफी तथा शारीरिक कमजोरी से निराशा जन्म लेती है। लालची और स्वार्थी लोग जो गलत फायदों की तलाश में रहते है, उनपर नैतीक चरित्रवाले वा बलिस्ट लोंगोद्वारा अंकुश लगाना जरूरी है। हम जिंदगी के रास्ते से भटक चुके है। कोई भी समाज जिसने अपने सिद्धांत को खो दिया है वह विनाश की ओर बढ़ रहा है। इतिहास गवा है की जब भर शारीरिक क्षमता व व्यक्तिगत मूल्य और सिद्धांत गिरे है तो समाज भी गिरा है। अत: इस अध्यन का उद्देश्य महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा संचालित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालायों के खिलाड़ियों के व्यक्तिगत मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन करना है।

## २.० अध्ययन पद्धती

प्रस्तुत शोधकार्य को संपन्न करन के लिए नीचे लिखे चरणों के माध्यम से पूरा किया गया।

### २.१ ऑकड़े प्राप्त करने के स्त्रोत एवं विषयों का चयन

नागपूर व अमरावती संभाग में विभिन्न स्तर के विद्यालयों में से सरल न्यायदर्श के आधार पर दस शासकीय व दस अशासकीय विद्यालयों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों की आयु १६ से १८ वर्ष के बीच किया गया। चयनित खिलाड़ियों का प्रश्नावली के माध्यम से अवलोकन किया गया। इस अध्ययन में कुल १००० खिलाड़ी विषयों को सम्मिलीत किया गया।

### २.२ परिक्षण पद्धती

प्रस्तुत अनुसंधान में प्रश्नावली के माध्यमसे तथ्योका संकलन किया गया। जिसमें वास्तविकता, वैधता,

विश्वसनियता और निश्चित स्वरूपकी जानकारी प्राप्त करने के लिये नॅशनल साईकोलॉजिकल कॉर्पोरेशन आगरा स्टॅण्डर्ड प्रश्नावली के माध्यम से खिलाड़ियों के सामाजिक, धार्मिक, लोकशाही, सौदर्यात्मक आदि तत्त्वों का अवलोंकन किया गया।

**२.३ अध्ययन का अभिकल्प**

उपरोक्त अध्ययन हेतु अध्ययन का अभिकल्प रेण्डम ग्रुप डिझाईन के माध्यम से किया गया।

**२.४ परिक्षक की विश्वसनियता एवं परिक्षण की विश्वसनियता**

इसके अंतर्गत परिक्षक एवं प्रशिक्षण की विश्वसनियता निकाली गई। इस कार्य हेतू अनुसंशाधनकर्ता पर्यवेक्षक की निगरानी में परिक्षण से संबंधित पद्धतियों का अनेकबार अभ्यास किया गया।

**२.५ सांख्यिकीय पद्धती का चयन**

इस अध्ययन के आकड़ो का विश्लेषण काई वर्ग मूल्य सांख्यिकीय टेस्ट के आधारपर किया गया।

**२.६ परीक्षण प्रशासन**

परीक्षण प्रशासन से पूर्व सभी खिलाड़ी विषयों एवं परीक्षकों की एक सभा आयोजित की गयी। इसमें परीक्षण से संबंधित सभी पद्धतियों को विस्तारपूर्वक समझाया गया, ताकि किसी के मन में किसी भी प्रकार की शंका ना हो।

**३.० ऑकड़ो का विश्लेषण एवं अध्ययन का परिणाम**

इस अध्ययन में संग्रहित ऑकड़ो का विश्लेषण किया गया एवं उन विश्लेषणों के आधार पर अध्ययन का परिणाम निकाला गया। तथ्य विश्लेषण व निर्वचन सारणी करण के पश्चात सांख्यिकीय सारणियों का नियम बद्ध व उद्देश्य पूर्ण विश्लेषण किया गया।

**३.१ वैयक्तीक मूल्य – धार्मिक मूल्य कारक**

**तालिका क्र १: राज्य सरकार द्वारा संचालित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के खिलाड़ियों के वैयक्तीक मूल्य (धार्मिक मूल्य कारक) का तुलनात्मक अध्ययन**

| मूल्य स्तर | शासकिय विद्यालय | | अशासकिय विद्यालय | |
|---|---|---|---|---|
| | छात्रों की संख्या | प्रतिशत | छात्रों की संख्या | प्रतिशत |
| अति उच्च | ५२ | १०.४ | २४ | ४.८ |
| उच्च | २२४ | ४४.८ | १४८ | २९.६ |
| औसत | १६२ | ३२.४ | २३६ | ४७.२ |
| निम्न | ४६ | ९.२ | ६८ | १३.६ |
| अति निम्न | १६ | ३.२ | २४ | ४.८ |
| कुल | ५०० | १००.० | ५०० | १००.० |
| | **काई वर्ग मूल्य**:– ३१४.९६, **स्वातंत्र्यांश** – ४, **तालिका मूल्य**:–९.४९, **P मूल्य**:–<0.05 | | **काई वर्ग मूल्य**:– ३३३.७६, **स्वातंत्र्यांश** – ४, **तालिका मूल्य**:– ९.४९, **P मूल्य**:–<0.05 | |

उपरोक्त **तालिका क्र. १** में अध्ययन हेतु चयनित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालायों के खिलाड़ियों के धार्मिक मूल्य कारक का अध्ययन किया गया। इस परीक्षण के परीणाम उपरोक्त तालिका में दर्शाए गये हैं।

- **शासकिय विद्यालय**: उपरोक्त जानकारी से यह प्रतित होता है की, अध्ययन में चयनित शासकिय विद्यालयों के १०.४ प्रतिशत खिलाडीयों में धार्मिक मूल्य का स्तर अति उच्च स्वरूप का पाया गया तथा ४४.८ प्रतिशत खिलाड़ीयों में यह उच्च स्तर का पाया गया। उसी प्रकार ३२.४ प्रतिशत खिलाड़ीयों में धार्मिक मूल्यों का स्तर औसत पाया गया तथा ९.२ प्रतिशत एवं ३.२ प्रतिशत खिलाड़ीयों में धार्मिक मूल्यों का स्तर निम्न एवं अति निम्न स्तर का पाया गया।
- **अशासकिय विद्यालय:** उपरोक्त जानकारी से यह प्रतित होता है की, अध्ययन में चयनित शासकिय विद्यालयों के ४.८ प्रतिशत खिलाडीयों के धार्मिक मूल्य का स्तर अति उच्च तथा २९.६ प्रतिशत खिलाड़ीयों में धार्मिक मूल्यों का स्तर उच्च पाया गया। उसी प्रकार ४७.२ प्रतिशत खिलाड़ीयों में धार्मिक मूल्यों का स्तर औसत पाया गया तथा १३.६ प्रतिशत एवं ४.८ प्रतिशत खिलाड़ीयों में धार्मिक मूल्यों का स्तर निम्न व अति निम्न पाया गया।

### ३.२ वैयक्तीक मूल्य –सामाजिक मूल्य कारक

**तालिका क्र. २: राज्य सरकार द्वारा संचालित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालायों के खिलाड़ियों के वैयक्तीक मूल्य (सामाजिक मूल्य कारक ) का तुलनात्मक अध्ययन**

| मूल्य स्तर | शासकिय विद्यालय | | अशासकिय विद्यालय | |
|---|---|---|---|---|
| | छात्रों की संख्या | प्रतिशत | छात्रों की संख्या | प्रतिशत |
| अति उच्च | ३८ | ७.६ | ४० | ८.० |
| उच्च | १८६ | ३७.२ | ६३ | १२.६ |
| औसत | १२४ | २४.८ | १२९ | २५.८ |
| निम्न | ८२ | १६.४ | २०१ | ४०.२ |
| अति निम्न | ७० | १४.० | ६७ | १३.४ |
| कुल | ५०० | १००.० | ५०० | १००.० |
| | काई वर्ग मूल्य:– १३०.४, स्वातंत्र्यांश – ४, तालिका मूल्य:– ९.४९, P मूल्य:–<0.05 | | काई वर्ग मूल्य:– १७१, स्वातंत्र्यांश – ४, तालिका मूल्य:– ९.४९, P मूल्य:–<0.05 | |

उपरोक्त **तालिका क्र. २** में अध्ययन हेतु चयनित महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा संचालित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालायों के खिलाड़ियों के सामाजिक मूल्य कारक का अध्ययन किया गया। इस परीक्षण के परीणाम उपरोक्त तालिका में दर्शाए गये हैं।

- **शासकिय विद्यालय**: उपरोक्त जानकारी से यह प्रतित होता है की, अध्ययन में चयनित शासकिय विद्यालयों के ७.६ प्रतिशत खिलाडीयों में सामाजिक मूल्य का स्तर अति उच्च स्वरूप का पाया गया तथा ३७.२ प्रतिशत खिलाड़ीयों में यह उच्च स्तर का पाया गया। उसी प्रकार २४.८ प्रतिशत खिलाड़ीयों में सामाजिक मूल्यों का स्तर औसत पाया गया तथा १६.४ प्रतिशत एवं १४.० प्रतिशत खिलाड़ीयों में सामाजिक मूल्यों का स्तर निम्न एवं अति निम्न स्तर का पाया गया।
- **अशासकिय विद्यालय:** उपरोक्त जानकारी से यह प्रतित होता है की, अध्ययन में चयनित शासकिय विद्यालयों के ८.० प्रतिशत खिलाडीयों के सामाजिक मूल्य का स्तर अति उच्च तथा १२.६ प्रतिशत खिलाड़ीयों में सामाजिक मूल्यों का स्तर उच्च पाया गया। उसी प्रकार २५.८ प्रतिशत खिलाड़ीयों में सामाजिक मूल्यों का स्तर औसत पाया गया तथा ४०.२ प्रतिशत एवं १३.४ प्रतिशत खिलाड़ीयों में सामाजिक मूल्यों का स्तर निम्न व अति निम्न पाया गया।

### ३.३ वैयक्तीक मूल्य –लोकतांत्रिक मूल्य कारक

**तालिका क्र ३: राज्य सरकार द्वारा संचालित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालायों के खिलाड़ियों के वैयक्तीक मूल्य (लोकतांत्रिक मूल्य कारक) का तुलनात्मक अध्ययन**

| मूल्यस्तर | शासकिय विद्यालय | | अशासकिय विद्यालय | |
|---|---|---|---|---|
| | छात्रों की संख्या | प्रतिशत | छात्रों की संख्या | प्रतिशत |
| अति उच्च | ७४ | १४.८ | ३९ | ७.८ |
| उच्च | १८४ | ३६.८ | १२८ | २५.६ |
| औसत | ९८ | १९.६ | २३० | ४६.० |
| निम्न | १०७ | २१.४ | ४२ | ८.४ |
| अति निम्न | ३७ | ७.४ | ६१ | १२.२ |
| कुल | ५०० | १००.० | ५०० | १००.० |
| | काई वर्ग मूल्य:– ११७.५४, स्वातंत्र्यांश – ४, तालिका मूल्य:– ९.४९, P मूल्य:–<0.05 | | काई वर्ग मूल्य:– २६२.३५, स्वातंत्र्यांश – ४, तालिका मूल्य:– ९.४९, P मूल्य:–<0.05 | |

उपरोक्त **तालिका क्र. ३** में अध्ययन हेतु चयनित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालायों के खिलाड़ियों के लोकतांत्रिक मूल्य कारक का अध्ययन किया गया। इस परीक्षण के परीणाम उपरोक्त तालिका में दर्शाए गये हैं।

- **शासकिय विद्यालय**: उपरोक्त जानकारी से यह प्रतित होता है की, अध्ययन में चयनित शासकिय विद्यालयों के १४.८ प्रतिशत खिलाडीयों में लोकतांत्रिक मूल्य का स्तर अति उच्च स्वरूप का पाया गया तथा ३६.८ प्रतिशत खिलाड़ीयों में यह उच्च स्तर का पाया गया। उसी प्रकार १९.६ प्रतिशत खिलाड़ीयों में लोकतांत्रिक मूल्यों का स्तर औसत पाया गया तथा २१.४ प्रतिशत एवं ७.४ प्रतिशत खिलाड़ीयों में लोकतांत्रिक मूल्यों का स्तर निम्न एवं अति निम्न स्तर का पाया गया।

- **अशासकिय विद्यालय:** उपरोक्त जानकारी से यह प्रतित होता है की, अध्ययन में चयनित शासकिय विद्यालयों के ७.८ प्रतिशत खिलाडीयों के लोकतांत्रिक मूल्य का स्तर अति उच्च तथा २५.६ प्रतिशत खिलाड़ीयों में लोकतांत्रिक मूल्यों का स्तर उच्च पाया गया। उसी प्रकार ४६.० प्रतिशत खिलाड़ीयों में लोकतांत्रिक मूल्यों का स्तर औसत पाया गया तथा ८.४ प्रतिशत एवं १२.२ प्रतिशत खिलाड़ीयों में लोकतांत्रिक मूल्यों का स्तर निम्न व अति निम्न पाया गया।

### ३.४ वैयक्तीक मूल्य –सौंदर्य मूल्य कारक

**तालिका क्र ४: राज्य सरकार द्वारा संचालित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालायों के खिलाड़ियों के वैयक्तीक मूल्य (सौंदर्य मूल्य कारक) का तुलनात्मक अध्ययन**

| मूल्यस्तर | शासकिय विद्यालय | | अशासकिय विद्यालय | |
|---|---|---|---|---|
| | छात्रों की संख्या | प्रतिशत | छात्रों की संख्या | प्रतिशत |
| अति उच्च | ५१ | १०.२ | ८८ | १७.६ |
| उच्च | १०२ | २०.४ | १६५ | ३३.० |
| औसत | १८६ | ३७.२ | ११२ | २२.४ |
| निम्न | ८९ | १७.८ | ८७ | १७.४ |
| अति निम्न | ७२ | १४.४ | ४८ | ९.६ |
| कुल | ५०० | १००.० | ५०० | १००.० |
| | काई वर्ग मूल्य:– १०७.०६, स्वातंत्र्यांश – ४, तालिका मूल्य:– ९.४९, P मूल्य:–<0.05 | | काई वर्ग मूल्य:– ७३.८६, स्वातंत्र्यांश – ४, तालिका मूल्य:– ९.४९, P मूल्य:–<0.05 | |

उपरोक्त **तालिका क्र. ४** में अध्ययन हेतु चयनित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालायों के खिलाड़ियों के सौंदर्य मूल्य कारक का अध्ययन किया गया। इस परीक्षण के परीणाम उपरोक्त तालिका में दर्शाए गये हैं।

- **शासकिय विद्यालय**: उपरोक्त जानकारी से यह प्रतित होता है की, अध्ययन में चयनित शासकिय विद्यालयों के १०.२ प्रतिशत खिलाडीयों में सौंदर्य मूल्य का स्तर अति उच्च स्वरूप का पाया गया तथा २०.४ प्रतिशत खिलाड़ीयों में यह उच्च स्तर का पाया गया। उसी प्रकार ३७.२ प्रतिशत खिलाड़ीयों में सौंदर्य मूल्यों का स्तर औसत पाया गया तथा १७.८ प्रतिशत एवं १४.४ प्रतिशत खिलाड़ीयों में सौंदर्य मूल्यों का स्तर निम्न एवं अति निम्न स्तर का पाया गया।
- **अशासकिय विद्यालय:** उपरोक्त जानकारी से यह प्रतित होता है की, अध्ययन में चयनित शासकिय विद्यालयों के १७.६ प्रतिशत खिलाडीयों के सौंदर्य मूल्य का स्तर अति उच्च तथा ३३.० प्रतिशत खिलाड़ीयों में सौंदर्य मूल्यों का स्तर उच्च पाया गया। उसी प्रकार २२.४ प्रतिशत खिलाड़ीयों में सौंदर्य मूल्यों का स्तर औसत पाया गया तथा १७.४ प्रतिशत एवं ९.६ प्रतिशत खिलाड़ीयों में सौंदर्य मूल्यों का स्तर निम्न व अति निम्न पाया गया।

### ३.५ वैयक्तीक मूल्य –आर्थिक मूल्य कारक

**तालिका क्र ५: राज्य सरकार द्वारा संचालित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालायों के खिलाड़ियों के वैयक्तीक मूल्य (आर्थिक मूल्य कारक) का तुलनात्मक अध्ययन**

| मूल्यस्तर | शासकिय विद्यालय | | अशासकिय विद्यालय | |
|---|---|---|---|---|
| | छात्रों की संख्या | प्रतिशत | छात्रों की संख्या | प्रतिशत |
| अति उच्च | ९२ | १८.४ | ५२ | १०.४ |
| उच्च | १७६ | ३५.२ | १३३ | २६.६ |
| औसत | ११३ | २२.६ | २०७ | ४१.४ |
| निम्न | ७४ | १४.८ | ७५ | १५.० |
| अति निम्न | ४५ | ९.० | ३३ | ६.६ |
| कुल | ५०० | १००.० | ५०० | १००.० |
| | काई वर्ग मूल्य:– ९७.१, स्वातंत्र्यांश – ४, तालिका मूल्य:– ९.४९, P मूल्य:–<0.05 | | काई वर्ग मूल्य:– १९९.५६, स्वातंत्र्यांश – ४, तालिका मूल्य:– ९.४९, P मूल्य:–<0.05 | |

उपरोक्त **तालिका क्र. ५** में अध्ययन हेतु चयनित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालायों के खिलाड़ियों के आर्थिक मूल्य कारक का अध्ययन किया गया। इस परीक्षण के परीणाम उपरोक्त तालिका में दर्शाए गये हैं।

- **शासकिय विद्यालय**: उपरोक्त जानकारी से यह प्रतित होता है की, अध्ययन में चयनित शासकिय विद्यालयों के १८.४ प्रतिशत खिलाडीयों में आर्थिक मूल्य का स्तर अति उच्च स्वरूप का पाया गया तथा ३५.२ प्रतिशत खिलाड़ीयों में यह उच्च स्तर का पाया गया। उसी प्रकार २२.६ प्रतिशत खिलाड़ीयों में आर्थिक

मूल्यों का स्तर औसत पाया गया तथा १४.८ प्रतिशत एवं ९.० प्रतिशत खिलाड़ीयों में आर्थिक मूल्यों का स्तर निम्न एवं अति निम्न स्तर का पाया गया।

- **अशासकिय विद्यालय:** उपरोक्त जानकारी से यह प्रतित होता है की, अध्ययन में चयनित शासकिय विद्यालयों के १०.४ प्रतिशत खिलाडीयों के आर्थिक मूल्य का स्तर अति उच्च तथा २६.६ प्रतिशत खिलाड़ीयों में आर्थिक मूल्यों का स्तर उच्च पाया गया। उसी प्रकार ४१.४ प्रतिशत खिलाड़ीयों में आर्थिक मूल्यों का स्तर औसत पाया गया तथा १५.० प्रतिशत एवं ६.६ प्रतिशत खिलाड़ीयों में आर्थिक मूल्यों का स्तर निम्न व अति निम्न पाया गया।

**३.६ वैयक्तीक मूल्य –ज्ञान मूल्य कारक**

**तालिका क्र ६: राज्य सरकार द्वारा संचालित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालायों के खिलाड़ियों के वैयक्तीक मूल्य (ज्ञान मूल्य कारक) का तुलनात्मक अध्ययन**

| मूल्यस्तर | शासकिय विद्यालय | | अशासकिय विद्यालय | |
|---|---|---|---|---|
| | छात्रों की संख्या | प्रतिशत | छात्रों की संख्या | प्रतिशत |
| अति उच्च | ४८ | ९.६ | ८१ | १६.२ |
| उच्च | ८३ | १६.६ | २३२ | ४६.४ |
| औसत | १०४ | २०.८ | ९८ | १९.६ |
| निम्न | २१९ | ४३.८ | ५७ | ११.४ |
| अति निम्न | ४६ | ९.२ | ३२ | ६.४ |
| कुल | ५०० | १००.० | ५०० | १००.० |
| | काई वर्ग मूल्य:– २००.८६, स्वातंत्र्यांश – ४, तालिका मूल्य:– ९.४९, P मूल्य:–<0.05 | | काई वर्ग मूल्य:– २४२.६२, स्वातंत्र्यांश – ४, तालिका मूल्य:– ९.४९, P मूल्य:–<0.05 | |

उपरोक्त **तालिका क्र. ६** में अध्ययन हेतु चयनित महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा संचालित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालायों के खिलाड़ियों के ज्ञान मूल्य कारक का अध्ययन किया गया। इस परीक्षण के परीणाम उपरोक्त तालिका में दर्शाए गये हैं।

- **शासकिय विद्यालय**: उपरोक्त जानकारी से यह प्रतित होता है की, अध्ययन में चयनित शासकिय विद्यालयों के ९.६ प्रतिशत खिलाडीयों में ज्ञान मूल्य का स्तर अति उच्च स्वरूप का पाया गया तथा १६.६ प्रतिशत खिलाड़ीयों में यह उच्च स्तर का पाया गया। उसी प्रकार २०.८ प्रतिशत खिलाड़ीयों में ज्ञान मूल्यों का स्तर औसत पाया गया तथा ४३.८ प्रतिशत एवं ९.२ प्रतिशत खिलाड़ीयों में ज्ञान मूल्यों का स्तर निम्न एवं अति निम्न स्तर का पाया गया।
- **अशासकिय विद्यालय:** उपरोक्त जानकारी से यह प्रतित होता है की, अध्ययन में चयनित शासकिय विद्यालयों के १६.२ प्रतिशत खिलाडीयों के ज्ञान मूल्य का स्तर अति उच्च तथा ४६.४ प्रतिशत खिलाड़ीयों में ज्ञान मूल्यों का स्तर उच्च पाया गया। उसी प्रकार १९.६ प्रतिशत खिलाड़ीयों में ज्ञान मूल्यों का स्तर औसत पाया गया तथा ११.४ प्रतिशत एवं ६.४ प्रतिशत खिलाड़ीयों में ज्ञान मूल्यों का स्तर निम्न व अति निम्न पाया गया।

**३.७ वैयक्तीक मूल्य –सुखवादी मूल्य कारक**

**तालिका क्र ७: राज्य सरकार द्वारा संचालित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालायों के खिलाड़ियों के वैयक्तीक मूल्य (सुखवादी मूल्य कारक) का तुलनात्मक अध्ययन**

| मूल्यस्तर | शासकिय विद्यालय | | अशासकिय विद्यालय | |
|---|---|---|---|---|
| | छात्रों की संख्या | प्रतिशत | छात्रों की संख्या | प्रतिशत |
| अति उच्च | ३६ | ७.२ | १२७ | २५.४ |
| उच्च | ६९ | १३.८ | १५६ | ३१.२ |
| औसत | १८४ | ३६.८ | ९६ | १९.२ |
| निम्न | १३४ | २६.८ | ७३ | १४.६ |
| अति निम्न | ७७ | १५.४ | ४८ | ९.६ |
| कुल | ५०० | १००.० | ५०० | १००.० |
| | काई वर्ग मूल्य:– १३७.९८, स्वातंत्र्यांश – ४, तालिका मूल्य:– ९.४९, P मूल्य:–<0.05 | | काई वर्ग मूल्य:– ७३.१४, स्वातंत्र्यांश – ४, तालिका मूल्य:– ९.४९, P मूल्य:–<0.05 | |

उपरोक्त **तालिका क्र. ७** में अध्ययन हेतु चयनित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालायों के खिलाड़ियों के सुखवादी मूल्य कारक का अध्ययन किया गया। इस परीक्षण के परीणाम उपरोक्त तालिका में दर्शाए गये हैं।

- **शासकिय विद्यालय**: उपरोक्त जानकारी से यह प्रतित होता है की, अध्ययन में चयनित शासकिय विद्यालयों के ७.२ प्रतिशत खिलाडीयों में सुखवादी मूल्य का

स्तर अति उच्च स्वरूप का पाया गया तथा १३.८ प्रतिशत खिलाड़ीयों में यह उच्च स्तर का पाया गया। उसी प्रकार ३६.८ प्रतिशत खिलाड़ीयों में सुखवादी मूल्यों का स्तर औसत पाया गया तथा २६.८ प्रतिशत एवं १५.४ प्रतिशत खिलाड़ीयों में सुखवादी मूल्यों का स्तर निम्न एवं अति निम्न स्तर का पाया गया।

- **अशासकिय विद्यालय:** उपरोक्त जानकारी से यह प्रतित होता है की, अध्ययन में चयनित शासकिय विद्यालयों के २५.४ प्रतिशत खिलाडीयों के सुखवादी मूल्य का स्तर अति उच्च तथा ३१.२ प्रतिशत खिलाड़ीयों में सुखवादी मूल्यों का स्तर उच्च पाया गया। उसी प्रकार १९.२ प्रतिशत खिलाड़ीयों में सुखवादी मूल्यों का स्तर औसत पाया गया तथा १४.६ प्रतिशत एवं ९.६ प्रतिशत खिलाड़ीयों में सुखवादी मूल्यों का स्तर निम्न व अति निम्न पाया गया।

### ३.८ वैयक्तीक मूल्य –स्वास्थ्य मूल्य कारक

**तालिका क्र ८: राज्य सरकार द्वारा संचालित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालायों के खिलाड़ियों के वैयक्तीक मूल्य (स्वास्थ्य मूल्य कारक) का तुलनात्मक अध्ययन**

| मूल्य स्तर | शासकिय विद्यालय | | अशासकिय विद्यालय | |
|---|---|---|---|---|
| | छात्रों की संख्या | प्रतिशत | छात्रों की संख्या | प्रतिशत |
| अति उच्च | ६८ | १३.६ | ५५ | ११.० |
| उच्च | ७४ | १४.८ | २४२ | ४८.४ |
| औसत | १८९ | ३७.८ | ११४ | २२.८ |
| निम्न | १०३ | २०.६ | ६८ | १३.६ |
| अति निम्न | ६६ | १३.२ | २१ | ४.२ |
| कुल | ५०० | १००.० | ५०० | १००.० |
| | काई वर्ग मूल्य:– १०७.८६, स्वातंत्र्यांश – ४, तालिका मूल्य:– ९.४९, P मूल्य:–<0.05 | | काई वर्ग मूल्य:– २९६.५, स्वातंत्र्यांश – ४, तालिका मूल्य:– ९.४९, P मूल्य:–<0.05 | |

उपरोक्त **तालिका क्र. ८** में अध्ययन हेतु चयनित महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा संचालित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालायों के खिलाड़ियों के स्वास्थ मूल्य कारक का अध्ययन किया गया। इस परीक्षण के परीणाम उपरोक्त तालिका में दर्शाए गये हैं।

- **शासकिय विद्यालय:** उपरोक्त जानकारी से यह प्रतित होता है की, अध्ययन में चयनित शासकिय विद्यालयों के १३.६ प्रतिशत खिलाडीयों में स्वास्थ्य मूल्य का स्तर अति उच्च स्वरूप का पाया गया तथा १४.८ प्रतिशत खिलाड़ीयों में यह उच्च स्तर का पाया गया। उसी प्रकार ३७.८ प्रतिशत खिलाड़ीयों में स्वास्थ्य मूल्यों का स्तर औसत पाया गया तथा २०.६ प्रतिशत एवं १३.२ प्रतिशत खिलाड़ीयों में स्वास्थ्य मूल्यों का स्तर निम्न एवं अति निम्न स्तर का पाया गया।
- **अशासकिय विद्यालय:** उपरोक्त जानकारी से यह प्रतित होता है की, अध्ययन में चयनित शासकिय विद्यालयों के ११०. प्रतिशत खिलाडीयों के स्वास्थ्य मूल्य का स्तर अति उच्च तथा ४८.४ प्रतिशत खिलाड़ीयों में स्वास्थ्य मूल्यों का स्तर उच्च पाया गया। उसी प्रकार २२.८ प्रतिशत खिलाड़ीयों में स्वास्थ मूल्यों का स्तर औसत पाया गया तथा १३.६ प्रतिशत एवं ४.२ प्रतिशत खिलाड़ीयों में स्वास्थ्य मूल्यों का स्तर निम्न व अति निम्न पाया गया।

## ४.० निष्कर्ष

### ४.१ वैयक्तीक मूल्य – धार्मिक मूल्य कारक

- अध्ययन हेतू चयनित शासकिय व अशासकिय विद्यालयों के खिलाड़ीयों के धार्मिक मूल्यों में सार्थक (P<०.०५) भिन्नता पाई गई। तथा अशासकिय विद्यालय की तुलना में शासकिय विद्यालयों के खिलाड़ीयों के धार्मिक मूल्य उच्च स्तर के पाए गए।

### ४.२ वैयक्तीक मूल्य –सामाजिक मूल्य कारक

- अध्ययन हेतू चयनित शासकिय व अशासकिय विद्यालयों के खिलाड़ीयों के सामाजिक मूल्यों में सार्थक (P<०.०५) भिन्नता पाई गई। तथा अशासकिय विद्यालय की तुलना में शासकिय विद्यालयों के खिलाड़ीयों के सामाजिक मूल्य उच्च स्तर के पाए गए।

### ४.३ वैयक्तीक मूल्य –लोकतांत्रिक मूल्य कारक

- अध्ययन हेतू चयनित शासकिय व अशासकिय विद्यालयों के खिलाड़ीयों के लोकतांत्रिक मूल्यों में सार्थक (P<०.०५) भिन्नता पाई गई। तथा अशासकिय विद्यालय की तुलना में शासकिय

विद्यालयों के खिलाड़ीयों के लोकतांत्रिक मूल्य उच्च स्तर के पाए गए।

**४.४ वैयक्तीक मूल्य –सौंदर्य मूल्य कारक**

- अध्ययन हेतू चयनित शासकिय व अशासकिय विद्यालयों के खिलाड़ीयों के सौंदर्य मूल्यों में सार्थक (P<०.०५) भिन्नता पाई गई। तथा शासकिय विद्यालय की तुलना में अशासकिय विद्यालयों के खिलाड़ीयों के सौंदर्य मूल्य उच्च स्तर के पाए गए।

**४.५ वैयक्तीक मूल्य –आर्थिक मूल्य कारक**

- अध्ययन हेतू चयनित शासकिय व अशासकिय विद्यालयों के खिलाड़ीयों के आर्थिक मूल्यों में सार्थक (P<०.०५) भिन्नता पाई गई। तथा अशासकिय विद्यालय की तुलना में शासकिय विद्यालयों के खिलाड़ीयों के आर्थिक मूल्य उच्च स्तर के पाए गए।

**४.६ वैयक्तीक मूल्य –ज्ञान मूल्य कारक**

- अध्ययन हेतू चयनित शासकिय व अशासकिय विद्यालयों के खिलाड़ीयों के ज्ञान मूल्यों में सार्थक (P<०.०५) भिन्नता पाई गई। तथा शासकिय विद्यालय की तुलना में अशासकिय विद्यालयों के खिलाड़ीयों के ज्ञान मूल्य उच्च स्तर के पाए गए।

**४.७ वैयक्तीक मूल्य –सुखवादी मूल्य कारक**

- अध्ययन हेतू चयनित शासकिय व अशासकिय विद्यालयों के खिलाड़ीयों के सुखवादी मूल्यों में सार्थक (P<०.०५) भिन्नता पाई गई। तथा शासकिय विद्यालय की तुलना में अशासकिय विद्यालयों के खिलाड़ीयों के सुखवादी मूल्य उच्च स्तर के पाए गए।

**४.८ वैयक्तीक मूल्य –स्वास्थ्य मूल्य कारक**

- अध्ययन हेतू चयनित शासकिय व अशासकिय विद्यालयों के खिलाड़ीयों के स्वास्थ्य मूल्यों में सार्थक (P<०.०५) भिन्नता पाई गई। तथा शासकिय विद्यालय की तुलना में अशासकिय विद्यालयों के खिलाड़ीयों के स्वास्थ्य मूल्य उच्च स्तर के पाए गए।

**५.० संदर्भसूची:**

1. शिव खेडा, “नैतिक मूल्य और दूरअंदेशी”, जीत आपकी, फुल सर्कल १८–१६, दिलशाद गार्डनए जी.टी. रोड, दिल्ली, ११००६५ (नोव्हेंबर २००१), पृ. क्र. ३१०.
2. ग्रेजरी, व. ए. एवं स्टोन, पी. (१८६६). एनोमिटी एण्ड स्ट्रैटस सिम्बोलिलियम, अमेरिकन जर्नल आफ सोसिओलाजी.
3. Ahuja, A. (2016). A Study of Self-Efficacy among Secondary School Students in relation to Educational Aspiration and Academic Achievement, *Educational Quest*, 7(3), pp. 275-283.
4. Del Polo Joseph, 1960, “Authotorian Tread in Personality as Related to Attituditional Final Behavioral Trait of Student Teacher ” *Research Quarterly*, 31(3), p. 588.
5. Dervent F. & coluck, M. Y. (2013) Perception of Olympic values by Turkish athletes who participated in the first youth Olympic games, *International Journal of Education and Research*, 1,4, 652-663
6. Halleman, C. S., Durik, A. M., Schweigert, S. B., Harachiewicz, J. M. (2009) Task values, achievement goals, and interest : An integrative analysis, *Journal of Educational Psychology*, 100, 2, 398-416.
7. Joseph, D.P. (1860). Authotorian Tread in Personality as Related to Attituditional Final Behavioral Trait of Student Teacher”, *Research Quarterly*, 31(3), p. 588.
8. Keskin, O., Demir, A and Senol, B. (2018). Reviewing assertiveness level of elite male and female Athletes in Different Sports Branches, *International Journal of Human Sciences*, 1(5), pp. 1924-1932.
9. Olga, N. V., Asimenia, K. T and Antoniou, G.P. (2014). University students' ability-expectancy beliefs and subjective task values for exergames, *Computers & Education*, 75, pp. 149-161.